दिनांकः 09.10.2023 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

भारत निर्वाचन आयोग ने आज राजस्थान सहित पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा कर दी है। राजस्थान में 23 नवम्बर को एक चरण में मतदान होगा। चुनाव अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी होगी। 6 नवम्बर तक नामांकन भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 नवम्बर को होगी। प्रत्याशी 9 नवम्बर तक नाम वापस ले सकेंगे। मध्य प्रदेश में 17 नवम्बर, मिज़ोरम में 7 नवम्बर, तेलंगाना में 30 नवम्बर, और छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवम्बर को वोट डाले जाएंगे। सभी राज्यों में तीन दिसम्बर को एकसाथ मतगणना होगी। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इन पांच राज्यों की 679 विधानसभा सीटों पर मतदान के लिए आयोग ने व्यापक तैयारियां की हैं। पिछले छह महीने से चुनाव की तैयारी जारी रही। इस बीच आयोग की टीम ने इन राज्यों का दौरा कर तैयारियों का जायज़ा भी लिया। चुनाव की घोषणा के साथ ही इन राज्यों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। विधानसभा चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन विभाग भी आज जयपुर के सचिवालय में प्रेस वार्ता करेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता मीडिया को संबोधित करेंगे।

....

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज न्याय संगत और बाधाएं सहने में सक्षम कृषि खाद्य प्रणाली पर अन्तर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का नई दिल्ली में उद्घाटन किया। यह सम्मेलन 12 अक्टूबर तक चलेगा। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अन्तर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर परामर्श समूह जेंडर प्लेटफॉर्म इस सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर हिमांशु पाठक ने बताया कि यह सम्मेलन हाल ही में आयोजित हुए जी–20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर काफी महत्वपूर्ण है।

....

आज भारतीय विदेश सेवा दिवस है। इस अवसर पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत की अध्यक्षता में हुए जी–20 सम्मेलन ने दिखाया है कि भारतीय कूटनीति वास्तविकता में अंतर ला सकती है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जैसे–जैसे भारत दुनिया में आगे बढ़ रहा है, विदेश सेवा अधिकारियों की जिम्मेदारी भी प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया है कि देश के बाकी हिस्सों की तरह भारतीय विदेश सेवा भी अमृतकाल में महत्वपूर्ण कार्य करती रहेगी।

....

आज विश्व डाक दिवस है। इस अवसर कोटा में डाक सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत डाक विभाग की ओर से विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। 13 अक्टूबर चलने वाले कार्यक्रमों के दौरान विश्व डाक दिवस के पोस्टर और डाक सप्ताह के बैनरों का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं विभाग की ओर से कल बचत बैंक योजनाओं, डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए डाक चौपाल लगेगी। फिलेटली दिवस पर जागरूकता सेमिनार 11 अक्टूबर को होगी।

....

खादी के महत्व और इसके प्रचार–प्रसार के लिए बीकानेर में गंगाशहर के राजकीय महाविद्यालय में खादी मेला आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर बबिता जैन ने बताया कि मेले का शुभारंभ विद्यार्थियों को खादी अपनाने की शपथ दिला कर किया गया। चरखे की तकनीक, इसके महत्व और कपास की कताई के बारे में विद्यार्थियों को बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों को चरखे पर कताई का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर खादी के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

....

रामदेवरा मेले के दौरान स्पेशल ट्रेनों के संचालन से उत्तर–पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल को इस बार लगभग 79 लाख रुपए का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने बताया कि रामदेवरा मेले के दौरान जोधपुर मंडल पर चरणबद्ध तरीके से पांच जोड़ी ट्रेनों का संचालन किया गया। इनके माध्यम से 85 हजार से अधिक यात्री रामदेवरा पहुंचे।

....

आई सी सी क्रिकेट विश्‍व कप प्रतियोगिता में आज न्यूजीलैंड का सामना नीदरलैंड्स से होगा। यह मैच दिन में 2 बजे से हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा।

....